an>

Title: Need to release all the prisoners from jails who have completed their sentence particularly in Punjab.

श्री भगवंत मान (संगरूर): हमारे देश में बहुत से ऐसे कैदी जेलों में बंद हैं जिनकी सजा पूरी हो गई लेकिन वे अभी भी जेलों में बंद हैं। भारतीय कानून के अनुसार जिन कैदियों की सजा पूरी हो गई है, उनको जेल से छोड़ देना चाहिए लेकिन अक्सर ऐसा नहीं होता। पंजाब के बहुत से लोग जेलों में बंद हैं और सजा पूरी हुए 10-10 या 12-12 साल हो गए लेकिन उनकी जेल से रिहाई नहीं हुई। इस मामले में भाई गुरूबख्स सिंह ने मोहाली में भूख हड़ताल की थी तो पंजाब सरकार ने वादा किया था कि उन कैदियों को पैरोल पर छोड़ा जाएगा लेकिन वह वादा सरकार ने पूरा नहीं किया। अभी भाई गुरबख्श सिंह जी ने अंबाला में भूख हड़ताल कर दी है लेकिन कोई भी सरकार उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है। पूरे देश में ऐसे हजारों केस हैं जिनकी सजा पूरी होने के बाद भी जेलों में बंद रखा गया है। स्थानीय प्रशासन द्वारा अनुमति न मिलने की वजह से वे पैरोल पर या छुट्टी पर भी नहीं आ सकते।

अतः गृह मंत्री जी को आग्रह करता हूँ कि जल्द से जल्द उन कैदियों को रिहा किया जाए जिनकी सजा पूरी हो चुकी है ताकि वे अपने परिवारजनों में बाकी जिंदगी सकून से बिता सकें।